मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20

वर्ष : ०९ | अंक :३२ | मुंबई, शुक्रवार, २४ मई से ३० मई २०१९ | पृष्ठ : ४ | कीमत : दो रुपये



# NDA का मिशन २०२२

**मंजु तिवारी**

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के नतीजों से पहले ही बीजेपी नेतृत्व ने मिशन २०२२ पर काम शुरू कर दिया है. जब समूचा विपक्ष ईवीएम को बड़ा मुद्दा बनाने में जुटा था, तब अशोका होटल की डिनर पार्टी में एनडीए के सहयोगियों को नरेंद्र मोदी और अमित शाह २०२२ का एजेंडा समझा रहे थे. नतीजों के बहाने बुलाई गई इस डिनर पार्टी के जरिए बीजेपी ने न केवल सहयोगियों को साधा, बल्कि यह भी बता दिया कि अगले चार से पांच साल उन्हें किस ट्रैक पर चलना है. इससे पहले दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय पर हुई एनडीए की बैठक में कई प्रस्ताव भी पारित हुए. इसमें से कुछ प्रस्ताव मिशन २०२२ से जुड़े रहे. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि समय से पहले की प्लानिंग बीजेपी की उस रणनीति का हिस्सा है, जो वह विपक्ष के मुकाबले के लिए दो कदम आगे का दांव चलने के लिए जानी जाती है. अशोका होटल में डिनर के लिए कई टेबल लगे थे. एनडीए के सबसे वरिष्ठ नेताओं के लिए मोदी-शाह के साथ बैठने की व्यवस्था थी. इसमें सबसे वरिष्ठ नेता अकाली दल प्रमुख प्रकाश सिंह बादल थे.




**क्या है आगे का प्लान**

एनडीए के प्रस्ताव में आधारभूत संसाधनों के विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में १०० लाख करोड़ की पूंजी निवेश किए जाने का प्रस्ताव पास हुआ. कहा गया कि २५ लाख करोड़ रुपये खेत और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए खर्च होंगे. मकसद है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इको-सिस्टम बन जाए. इन कदमों के साथ भारत ५ ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा. एक बार २०२२ तक किसानों की आय दोगुनी करने के प्रस्ताव पर मुहर लगी.

**एनडीए को यकीन - सरकार हमारी ही बनेगी**

लगभग सभी एग्जिट पोल ने देश में दोबारा बहुमत से मोदी सरकार बनने के अनुमान व्यक्त किए हैं. एनडीए को भी बहुमत से जीत की पूरी आस है. मोदी-शाह की ओर से बुलाई गई एनडीए की बैठक में पारित हुए प्रस्ताव में यह स्पष्ट लिखा है- हमारी समर्पित कार्यशैली एवं दृष्टिकोण के आधार पर, एनडीए परिवार को यकीन है कि भारत के लोग एक बार फिर से देश का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आशीर्वाद देंगे, जिसका वह पूरी तरह से हकदार हैं.

एनडीए ने इस दौरान न केवल पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान हुई हिंसा पर गहरी चिंता जताई, बल्कि कैग, चुनाव आयोग, पुलिस, सुरक्षा बलों और न्यायपालिका से लेकर अन्य संस्थानों पर विपक्ष पर हमला करने का आरोप लगाया. कहा कि संस्थाओं पर व्यवस्थित हमले से हम समान रूप से चिंतित हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जाति-पाति नहीं बल्कि गरीबी ही सबसे बड़ी नैरेटिव है. एनडीए एक राजनीतिक गठबंधन से अधिक है. यह विकास और समृद्धि के एक बड़े राष्ट्रीय चित्र के साथ क्षेत्रीय आकांक्षाओं को पूरा कर रहा है. वोटबैंक की राजनीति और विपक्ष की पुरानी राजनीतिक सोच के खिलाफ एनडीए की ऊंची दीवार है. २०वीं सदी की राजनीति २१ वीं सदी के युवा मतदाताओं को खास प्रभावित नहीं कर सकी. एनडीए की बैठक महज २०१९ के लोकसभा चुनाव और २०२२ के एजेंडे तक ही नहीं सिमटी, बल्कि अतीत पर भी चर्चा हुई. २०१४ के लोकसभा चुनाव में बीजेपी और एनडीए की जीत के कौन से कारण रहे, इस पर भी बैठक में नेताओं ने चर्चा की. एनडीए को विकास के एजेंडे के साथ विविधता का गठबंधन बताते हुए कहा गया कि २०१४ में एनडीए की सरकार इसलिए बनी, क्योंकि यूपीए सरकार में देश भ्रष्टाचार, क्रोनी कैपिटलिज्म और आर्थिक रुकावटों से घिरा हुआ था. जनता में बीजेपी और एनडीए ने आशा का संचार किया. यही जीत की वजह रही.

## क्यों खास है वर्ष २०२२

दरअसल, २०२२ में देश की आजादी के ७५ साल पूरे होने जा रहे हैं. ऐसे में बीजेपी ने अपनी कई महत्वाकांक्षी योजनाओं को इस वर्ष तक पूरा करने का टारगेट तय किया है. २०२२ को सरकारी उपलब्धियों के जरिए बीजेपी ने यादगार बनाने की योजना बनाई है. मंगलवार को बीजेपी मुख्यालय पर हुई मीटिंग में पारित हुए प्रस्ताव का यह हिस्सा मौजू है-हम संकल्प करते हैं कि २०२२ में, भारत जब आजादी के ७५ साल पूरे करेगा, हमारा प्रयास है कि हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस मजबूत, समृद्ध, विकसित और समावेशी भारत का सपना देखा हम उन सपनों को पूरा करें और उन्हें आकार दें. प्रस्ताव के इस हिस्से से पता चलता है कि बीजेपी के प्लान में २०२२ की कितनी अहमियत है.

## राज ठाकरे ने सभाओं में जनता का खूब मनोरंजन किया, अब देना चाहिए टैक्स – विनोद तावड़े

**मुंबई.** राज्य की ४८ में से ४१ सीटों पर भाजपा-शिवसेना की जीत के बाद महाराष्ट्र सरकार में शिक्षा मंत्री विनोद तावड़े ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधा है। उन्होंने राज की चुनावों के दौरान हुई सभाओं को 'मनोरंजन सभा' करार दिया। उन्होंने कहा कि अब राज ठाकरे ने अपनी सभाओं में जनता का खूब मनोरंजन किया अब उन्हें मनोरंजन टैक्स जरुर भरना चाहिए। विनोद तावड़े ने कहा,'राज ठाकरे की बातों को जनता ने सिरे से नकार दिया है। उनकी लाख अपील के बाद भी लोगों ने बीजेपी-शिवसेना पर भरोसा जताया है। उन्होंने लोगों का मनोरंजन किया है और उन्हे सरकार को मनोरंजन टैक्स जरुर देना चाहिये।'



बता दें कि राज ठाकरे ने भाजपा-शिवसेना के खिलाफ महाराष्ट्र में ७ सभाएं की थी। इनमें ऑडियो और वीडियो के सहारे प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा था। उन्होंने लोगों से बीजेपी और शिवसेना को वोट ना देने की अपील की थी। सीधे नरेंद्र मोदी और अमित शाह पर निशाना साधते हुए लोगों से कहा था की इन दोनों को सत्ता से दूर रखने के लिए जनता वोट करे।



लोकसभा चुनाव में उत्तर मुंबई संसदीय सीट से प्रचंड मतों से विजयी होने के बाद बधाई देने वालों का अभिवादन करते हुए सांसद गोपाल शेट्टी, साथ में हैं विधायक योगेश सागर, जिला अध्यक्ष विनोद शेलार व अन्य।

## संक्षिप्त समाचार

### जाली नोटों का तस्कर गिरफ्तार

**ठाणे:** बेंगलुरु से जाली नोटों को लाकर उसे ठाणे के मार्केट में चलाने वाले तस्कर को मुंब्रा पुलिस गिरफ्तार किया है। आरोपी जसीम उर्फ वसीम शेख ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन भी चुराता था। पुलिस ने उसके पास से ५०० के ८२ हजार मूल्य के नकली नोट और ६४ हजार मूल्य के १४ मोबाइल जब्त किए हैं। पुलिस के मुताबिक, शेख के साथ उक्त कारोबार में उसके और साथी भी लिप्त हैं। शेख के खिलाफ नोटों की तस्करी का एक मामला कोलकाता में भी दर्ज है।

### ५ साल से फरार हत्या आरोपी नेपाल बॉर्डर से गिरफ्तार

**ठाणे:** ठाणे अपराध शाखा पुलिस ने ५ साल से हत्या के मामले में फरार मोहम्मद मुश्ताक शेख को भारत-नेपाल बॉर्डर के बिहार स्थित मधुबनी जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस शेख के एक और साथी की तलाश में है। मुश्ताक ने भिवंडी के खोणीगांव निवासी मोहम्मद तनवीर मुस्तफा शेख की रंजिश के चलते एक साथी के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। पिछले दिनों ठाणे पुलिस की अपराध शाखा को मुश्ताक के बिहार के किसी गांव में छुपे होने की सूचना मिली थी।

### पेट्रोल पंप से की ११ लाख रुपये की चोरी

**नालासोपारा:** संतोष भुवन स्थित पेट्रोल पंप से रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने ११ लाख रुपये नकदी चुरा ली। वारदात से पहले चोरों ने सीसीटीवी भी चुरा लिए। जानकारी के अनुसार, इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर चोरों ने पीछे से खिड़की की ग्रिल तोड़ दी और अंदर जाकर तिजोरी में रखे ११ लाख रुपये चुरा लिए। पेट्रोल पंप के मैनेजर पवन सिंह ने बताया कि चोरी हुई रकम २ दिनों से जमा हो रही थी।

### रिश्वत के आरोपी नगरसेवक की जमानत मंजूर

**कल्याण:** ठेकेदारों से कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका की निधि से होने वाले कामों में लाखों का कमिशन लेने के आरोपी नगरसेवक को ८ दिन पहले नवी मुंबई ऐंटि करप्शन ने गिरफ्तार किया था। ५ दिन की पुलिस कस्टडी के बाद सोमवार को कल्याण जिला कोर्ट से आरोपी गोरख जाधव को जमानत मिल गई है। आरोप है कि अंबिवली इलाके में महानगर पालिका की ओर से हो रहे सड़क-नाली के काम में ठेकेदारों से जाधव १० फीसद कमिशन मांगा था। ठेकेदारों ने इसी शिकायत नवी मुंबई ऐंटि करप्शन में कर दी थी।

### वकील के घर में चोरी

**भाईंदर:** आरएनपी पार्क के एक वकील के घर में चोरी का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक, रामपूजन पांडेय राजमहल पैलेस बिल्डिंग में रहते हैं। मामला बीते शुक्रवार का है, जब किसी अज्ञात व्यक्ति ने पांडेय के घर से ४५ हजार रुपये चुरा लिए।

### विरार में साईंधाम मंदिर में चोरी

**विरार:** गावठन रोड स्थित साईंधाम मंदिर से रविवार दोपहर अज्ञात चोरों ने २० हजार रुपये की मूर्ति चुरा ली। पुजारी की शिकायत पर विरार पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, चोरी की वारदात तब हुई, जब पुजारी संकेत संतोष मुले (२३) कपड़े बदलने के लिए स्टाफ रूम में गए थे।

### गर्भवती होने पर चला दुष्कर्म का पता

**वसई:** वालीव पुलिस स्टेशन क्षेत्र में दिमागी रूप से कमजोर युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। खुलासा तब हुआ, जब युवती २ माह की गर्भवती हो गई। जानकारी के अनुसार, युवती अपने माता-पिता के साथ रहती है। माता-पिता मजदूरी करते हैं। दो महीने पहले युवती को अकेला पाकर पड़ोस में रहने वाले युवक ने युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया।






## संपादकीय

# आखिर नाम में ही तो बहुत कुछ रखा है

इन दिनों कई दलित संगठन, उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा उसके आधिकारिक अभिलेखों में भीमराव अंबेडकर के नाम में 'रामजी' शब्द जोड़े जाने का विरोध कर रहे हैं। यह सही है कि संविधान सभा की मसविदा समिति के अध्यक्ष बतौर, अंबेडकर ने संविधान की प्रति पर अपने हस्ताक्षर, भीमराव रामजी अंबेडकर के रूप में किए थे। परंतु सामान्यतः, उनके नाम में रामजी शब्द शामिल नहीं किया जाता है। तकनीकी दृष्टि से उत्तरदेश सरकार के इस निर्णय को चुनौती नहीं दी जा सकती परंतु यह कहना भी गलत नहीं होगा कि यह निर्णय, अंबेडकर को 'अपना' घोषित करने की हिन्दुत्ववादी राजनीति का हिस्सा है। बीजेपी के लिए भगवान राम, तारणहार हैं। उनके नाम का इस्तेमाल कर बीजेपी ने समाज को धार्मिक आधार पर ध्रुवीकृत किया - फिर चाहे वह राम मंदिर का मुद्दा हो, रामसेतु का या रामनवमी की पूर्व संध्या पर जानबूझकर भड़काई गई हिंसा का। मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से हम भारत में दो विरोधाभासी प्रवृत्तियों का उभार देख रहे हैं। एक ओर दलितों के विरूद्ध अत्याचार बढ़ रहे हैं तो दूसरी ओर, अंबेडकर की जंयतियां जोर-शोर से मनाई जा रही हैं और हिन्दू राष्ट्रवादी अनवरत अंबेडकर का स्तुतिगान कर रहे हैं।



इस सरकार के पिछले लगभग चार वर्षों के कार्यकाल में हमने दलितों के दमन के कई उदाहरण देखे। आईआईटी मद्रास में पेरियार स्टडी सर्किल पर प्रतिबंध लगाया गया, रोहित वेम्यूला की संस्थागत हत्या हुई और ऊना में दलितों पर घोर अत्याचार किए गए। मई २०१७ में, जब योगी आदित्यनाथ उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री बन चुके थे, सहारनपुर में हुई हिंसा में बड़ी संख्या में दलितों के घर जला दिए गए। दलित नेता चंद्रशेखर रावण, जमानत मिलने के बाद भी जेल में हैं, क्योंकि उन पर आरोप है कि उन्होंने हिंसा भड़काई। दलितों के घरों को आग के हवाले करने की घटना, बीजेपी सांसद के नेतृत्व में निकाले गए जुलूस के बाद हुई जिसमें "यूपी में रहना है तो योगी-योगी कहना होगा" व "जय श्रीराम" के नारे लगाए जा रहे थे। महाराष्ट्र के भीमा कोरेगांव में दलितों के खिलाफ हिंसा भड़काई गई और जैसा कि दलित नेता प्रकाश अंबेडकर ने कहा है, हिंसा भड़काने वालों के मुख्य कर्ताधर्ता भिड़े गुरूजी को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। बीजेपी की केंद्र सरकार में मंत्री वी के सिंह ने सन् २०१६ में दलितों की तुलना कुत्तों से की थी और हाल में एक अन्य केंद्रीय मंत्री अनंत कुमार हेगड़े ने भी ऐसा ही कहा। उत्तरप्रदेश के कुशीनगर में जब योगी आदित्यनाथ मुशहर जाति के लोगों से मिलने जा रहे थे, उसके पूर्व अधिकारियों ने दलितों को साबुन की बट्टियां और शैम्पू बांटे ताकि वे नहा-धोकर साफ-सुथरे लग सकें।

मोदी-योगी मार्का राजनीति की मूल नीतियों और चुनाव में अपना हित साधने की उसकी आतुरता के कारण यह सब हो रहा है। सच यह है कि मोदी-योगी और अंबेडकर के मूल्यों में मूलभूत अंतर हैं। अंबेडकर, भारतीय राष्ट्रवाद के हामी थे। वे जाति का उन्मूलन करना चाहते थे और उनकी यह मान्यता थी कि जाति और अछूत प्रथा की जड़ें हिन्दू धर्मग्रंथों में हैं। इन मूल्यों को नकारने के लिए अंबेडकर ने मनुस्मृति का दहन किया था। उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण किया, जो स्वाधीनता संग्राम के वैश्विक मूल्यों पर आधारित था। भारतीय संविधान के आधार थे समानता, बंधुत्व, स्वतंत्रता और सामाजिक न्याय के मूल्य। दूसरी ओर थीं हिन्दू महासभा जैसी संस्थाएं, जिनकी नींव हिन्दू राजाओं और जमींदारों ने रखी थी और जो भारत को उसके 'गौरवशाली अतीत' में वापस ले जाने की बात करती थीं - उस अतीत में जब वर्ण और जाति को ईश्वरीय समझा और माना जाता था। हिन्दुत्ववादी राजनीति का अंतिम लक्ष्य आर्य नस्ल और ब्राम्हणवादी संस्कृति वाले हिन्दू राष्ट्र का निर्माण है। आरएसएस इसी राजनीति का पैरोकार है।माधव सदाशिव गोलवलकर व अन्य हिन्दू चिंतकों ने अंबेडकर के विपरीत, हिन्दू धर्मग्रंथों को मान्यता दी। सावरकर का कहना था कि मनुस्मृति ही हिन्दू विधि है।

# बेखौफ चोरों ने लगाई साहिबाबाद थाने में सेंध, ताला तोड़कर ले उड़े लाखों का

**लोगों** की सुरक्षा करने वाली पुलिस खुद अपने सामान की सुरक्षा नहीं कर पाई। गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद थाने के मालखाने का ताला तोड़कर बदमाशों ने लाखों का माल चोरी कर लिया। पुलिस का कहना है कि दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

जीटी रोड स्थित साहिबाबाद थाना परिसर में बने मालखाने का ताला रविवार रात में तोड़कर चोर अंदर से ९० बैटरी, दो गैस सिलेंडर, चार सीसीटीवी कैमरे चुराकर ले गए। साथ ही मालखाने के पास खड़ी दो कारों से भी सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को सोमवार सुबह चोरी का पता चला। इसके बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिस स्थान पर मालखाना बना है, वह थाना प्रभारी आवास के सामने हैं।




मालखाने के बगल से एक रास्ता सड़क की ओर भी जाता है। चोरी की जानकारी मिलते ही पुलिस ने आसपास संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी। दो संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस का कहना है कि महिलाओं से पूछताछ की जा रही है।

थाने में लगे सीसीटीवी फुटेज पुलिस देख रही है। फुटेज के जरिए पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि थाने का मालखाना थाने के मुख्य कार्यालय से कुछ दूरी पर है। वहां सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हैं। ऐसे में हो सकता है कि बदमाश मेट्रो स्टेशन की तरफ से गेट फांदकर आए हों।

साहिबाबाद थाना क्षेत्र में तीन महीने में ४० से ज्यादा चोरियां हो चुकी हैं। पुलिस इनमें से एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। चार फरवरी को लाजपतनगर में एक घर में बदमाशों ने १० लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। सात फरवरी को शालीमार गार्डन में शनि चौक पुलिस चौकी के पास १५ लाख रुपये की चोरी कर बदमाश फरार हो गए। अर्थला में मार्च महीने में एक ही रात में तीन मंदिरों में चोरी हुई थी।

मालखाने से चोरी हुए सामान के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। फिलहाल इसकी जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

# शाहदरा में प्रॉपर्टी के लिए बेटे ने की पिता की हत्या, लाश छुपाने को किए २५ टुकड़े




**पूर्वी** दिल्ली के शाहदरा इलाके के फर्शबाजार में बुधवार तड़के पिता-पुत्र के रिश्ते को शर्मसार करने की दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां संपत्ति के लाचल में एक कलियुगी बेटे ने अपने पिता की बेहरमी से हत्या कर शव के २५ टुकड़े कर दिए। घटना डीसीपी ऑफिस और फर्श बाजार थाना से मुश्किल से ३०० मीटर की दूरी पर हुई। पुलिस ने आरोपी बेटे अमन को उसके एक दोस्त के साथ शाहदरा में उसके घर के बाहर से उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वे शव को ठिकाने लगाने जा ही रहे थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है । न्यूज एजेंसी आईएएनएस के अनुसार, दिल्ली पुलिस के मुताबिक मृतक संदेश अग्रवाल (४८) अपने परिवार के साथ शाहदरा के फर्शबाजार इलाके में रहते थे। आरोपी युवक का नाम अमन है और वह एक छोटा सा कैफे चलाता है। पिछले कुछ दिनों से अमन का बड़ा भाई और मां छुट्टी मनाने के लिए मनाली में गए हुए थे। जबकि पिता संदेश अग्रवाल और अमन घर पर अकेले थे। इसी बीच अमन ने भोलानाथ नगर में स्थित एक प्रॉपर्टी अपने नाम कराने के लिए पिता से कहा, जिसे लेकर दोनों में तीखी बहस हो गई। डीसीपी (शाहदरा) मेघना यादव ने कहा कि मंगलवार रात उनके बीच फिर से बहस हुई और गुस्से में अमन ने अपने पिता के साथ पहले मारपीट की और उसके बाद कई बार वार कर उनकी हत्या कर दी। वहीं, एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि पिता की हत्या करने के बाद उसने शव को ठिकाने लगाने में मदद करने के लिए अपने एक दोस्त को घर बुलाया। उन दोनों ने शव के २५ टुकड़े कर दिए और उन्हें एक चिकन की दुकान से खरीदे गए काले रंग के दो पॉलीथीन बैगों में भर दिया। हालांकि, एक पड़ोसी ने अपनी बालकनी से अमन और उसके दोस्त को खून से सने दो बैग और पैकेट एक कार में रखते हुए देख लिया।

# झारखंड-महाराष्ट्र की युवतियां खरीदकर बनाया 'यौन



**राजस्थान** के चुरु में युवतियों की कथित खरीदफरोख्त और यौन दासता का रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला समाने आया है। किसी तरह से दरिंदों के चंगुल से छूटकर भागी पीड़िताओं ने खुद इसका खुलासा किया है। मूलरूप से झारखंड के साहेबगंज और मुंबई की निवासी दो युवतियों ने खुद को बेचे जाने और यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इन युवतियों के मुताबिक कई अन्य लड़कियों को भी खरीदने के बाद बंधक बनाकर रखा गया है। चुरु के पुलिस अधीक्षक के मुताबिक दोनों युवतियों की शिकायत पर मानव तस्करी और यौन उत्पीड़न के मामले दर्ज करने के बाद जांच की जा रही है। दोनों का बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष रिकॉर्ड किया गया है। पुलिस निरीक्षक और मानव तस्करी रोधी सेल के प्रभारी महेंद्र दत्त शर्मा ने कहा, ' दोनों युवतियों को यह भी पता चला है कि उन्हें खरीदने वाले व्यक्ति (गोपाल जाट) के भाई जयपाल ने कई लड़कियों को बंधक बनाकर रखा है। इसके बाद दोनों ने मामले का खुलासा करने का फैसला लिया और किसी तरह से उनके चंगुल से निकलने में कामयाब रहीं।'

मुंबई की २४ वर्षीया पीड़िता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया, 'मैं पिछले एक साल से अपनी सौतेली मां के साथ अजमेर जिले के किशनगढ़ में रह रही थी। २० दिन पहले हिसार जिले के आदमपुर मंडी कस्बे के निवासी निक्की ने मां को मेरी शादी कराने का झांसा दिया। वह हम दोनों को लेकर चुरु जिले के रायगढ़ में एक अनजान व्यक्ति दिलीप के यहां गया। आदमपुर मंडी निवासी दिलीप के पास मुझे छोड़कर मां और निक्की लौट गए। लेकिन इसके बाद दिलीप ने मुझे चुरु जिले के सरदारपुरा कस्बे के निवासी गोपाल जाट के हाथों ७० हजार रुपये में बेच दिया।' मुंबई निवासी पीड़िता ने यह भी जोड़ा कि, ' जब मैं जाट के घर में पहुंची तो मुझे वहां एक अन्य युवती मिली जिसे झारखंड से पांच साल पहले तब लाया गया था जब वह नाबालिग थी। झारखंड निवासी युवती (२१ साल) ने बताया कि उससे जाट ने कई बार दुष्कर्म किया और बाद में भिवानी जिले के गुरेरा गांव निवासी संजय को ८५ हजार रुपये में बेच दिया। जब कथित खरीदार संजय के रेप करने का उसने प्रतिरोध किया तो वह उसे जाट के घर दोबारा पहुंचा आया।'

# पिता के दोस्त ने किया ११ वर्ष की बच्ची से रेप, NTPC में इंजीनियर है आरोपी



**नोएडा** के थाना फेज थ्री क्षेत्र स्थित पॉश सोसाइटी में ११ साल की मासूम के साथ एनटीपीसी में तैनात इंजीनियर ने दुष्कर्म किया। आरोपी इंजीनियर बच्ची के पिता का सबसे करीबी दोस्त था। बच्ची ने घटना की जानकारी अपने स्कूल में टीचर को दी थी।

इसके बाद पुलिस ने रेप व पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिछले एक साल की मासूम का यौन उत्पीड़न कर रहा था।

बच्ची नोएडा के नामी स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है। छात्रा के पिता दिल्ली की एक निजी कंपनी में प्रबंधक के पद पर तैनात हैं। वह सेक्टर-७० स्थित सोसाइटी में परिवार के साथ रहते हैं। इसी सोसाइटी में ४५ वर्षीय अखिल गुप्ता भी परिवार के साथ रहते हैं। अखिल गुप्ता एनटीपीसी में इंजीनियर हैं। छात्रा के पिता और अखिल की गहरी दोस्ती थी। अखिल प्रतिदिन शाम को अपने १२ वर्षीय बेटे को पढ़ाता था। इस दौरान वह दोस्त को फोन कर बच्ची को अपनी बेटी बताते हुए पढ़ाने के लिए अपने पास बुला लेता था। इसके बाद आरोपी बच्ची को अलग कमरे में पढ़ाता था जबकि अपने बेटे पढ़ने के लिए दूसरे कमरे में बैठा देता था। दरवाजा लगाकर बच्ची के निजी अंगों से छेड़छाड़ करता था। बच्ची के रोने पर उसके साथ मारपीट करता था। बीते शनिवार को आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

# थाने में चीखती रही युवती, मुकदमे में जज बनी पुलिस, जानें- क्या है



**बेटियों** की सुरक्षा को लेकर देश में नए कानून बनाने की वकालत हो रही है। मामले में सुप्रीमकोर्ट भी सख्त निर्देश दे चुका है। इसके बावजूद पुलिस ऐसे मामलों में सजग नहीं है। मंगलवार को इसका ताजा उदाहरण लालकुर्ती थाने में देखने को मिला। युवती अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी थी, लेकिन पुलिस ने उसकी एक नहीं सुनी। युवती से जबरन सुपुर्दनामे पर हस्ताक्षर कराकर पुलिस खुद जज बन गई। मामला यूपी के मेरठ शहर का है। सिद्धार्थनगर निवासी एक युवती का बीटेक में पढ़ाई करने वाले वहीं के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती के परिजनों ने दो जून को एक अन्य युवक से शादी तय कर दी है। इसके बाद युवती अपने प्रेमी के साथ भागकर मेरठ आ गई थी। रविवार को यहां पर पहले से रह रहे उसके परिवार के कुछ लोगों ने उसे देख लिया। वह युवती को साथ ले जा रहे थे। लालकुर्ती थाने के सामने युवती ने अपहरण का शोर मचा दिया। उसके बाद से प्रेमी युगल पुलिस हिरासत में थे। मंगलवार को युवती के परिजन के साथ सिद्धार्थनगर के दरोगा उमाशंकर और एक सिपाही थाने पहुंचे। वहां युवती ने कहा कि वह प्रेमी के साथ जाएगी। वह परिजनों से नाता तोड़कर प्रेमी के संग दो दिन पहले आ गई थी। थाने में घंटों गहमागहमी के बाद सिद्धार्थनगर और लालकुर्ती पुलिस खुद ही जज बन गई। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद जबरन युवती से सुपुर्दनामे पर हस्ताक्षर कराए गए। युवती को उसके परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया गया। जबकि युवती चिल्लती रही कि वह बालिग है, उसे प्रेमी के साथ जाना है। वह माता पिता के साथ नहीं जाना चाहती। बेबस युवती पुलिस और परिजनों के सामने गिड़गिड़ाती रही, लेकिन किसी ने उसकी न सुनी। युवती बालिग है, जिसकी जानकारी पुलिस को भी थी। सुपुर्दनामे पर भी युवती की उम्र २४ साल लिखी गई है। इसके बाद भी पुलिस युवती पर दबाव बनाती रही। हालांकि लालकुर्ती पुलिस ने एक बार तो युवती के प्रति हमदर्दी जताने का प्रयास किया। लेकिन उनकी एक नहीं चली। सिद्धार्थनगर की पुलिस ने एक अधिकारी की बात भी कराई। इसके बाद पुलिस ने अपने हाथ खींच लिए।

**मुकदमा सिद्धार्थनगर में दर्ज है**

इंस्पेक्टर लालकुर्ती रोजंत त्यागी ने बताया कि युवती के अपहरण या गुमशुदगी का केस सिद्धार्थनगर में दर्ज है। युवती के परिजनों के साथ सिद्धार्थनगर से एक दरोगा और एक सिपाही आए थे। पुलिस ने सुपुर्दगीनामा लिखवाकर युवती को परिजन व दरोगा को सौंप दिया है। वहीं पर कार्रवाई होगी। वहां की पुलिस ही युवती के १६४ के बयान कराएगी। यह उसी की जिम्मेदारी है।

# रात में कमरे में रो रही थी नाबालिग बेटी, मां ने पूछा तो बताई पिता की 'काली करतूत'

**मथुरा** के थाना गोवर्धन क्षेत्र में शर्मनाक मामला सामने आया है। एक महिला ने अपने पति पर नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। उसकी तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। राधाकुंड के एक मोहल्ल में एक पिता अपनी १५ साल की बेटी से दुष्कर्म करता चला आ रहा था। एक साल से सह रही बेटी




१६ मई की रात घर में रोती मिली तो मां ने रोने का कारण पूछा। मां को सबकुछ बेटी ने बताया तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला के अनुसार बेटी ने बताया कि पिता ने एक साल में उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया।

किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इससे वो चुपचाप सहती रही। मां पीड़ित बेटी को लेकर थाने पहुंची और अपने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

# विकास कार्यों को आचार संहिता की समाप्ति का इंतजार

**नवी मुंबई :** करीब ढाई महीने तक चली लोकसभा चुनावी आचार संहिता २८ मई को समाप्त हो जाएगी। इसके तुरंत, बाद नवी मुंबई मनपा के रुके हुए करीब २०० विकास कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इन सबके लिए पहले से ही आवश्यक मंजूरी दी जा चुकी है। आचार संहिता खत्म होते ही मनपा प्रशासन की तरफ से ठेकेदारों को कार्यदेश जारी कर दिया जाएगा। अनुमान के अनुसार, मनपा के सभी १११ प्रभागों में रुके पड़े लगभग २०० कार्यों पर ७०० से ८०० करोड़ रुपये खर्च होने हैं। ये काम शामिल: शहर में जो काम होने हैं, उनमें सड़कों का डांबरीकरण, शहर की स्ट्रीट लाइट को दुरुस्तीकरण, फुटपाथों की मरम्मत, नए (छोटे) पुलों का निर्माण, नए मार्केट का निर्माण, बस अड्डों की मरम्मत, मनपा अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए दवाओं व उपकरणों की खरीदारी, जल-मल निकासी से संबंधित मरम्मत कार्य आदि शामिल हैं।


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो.
९८२१२८७९०५,
९३२२२४८३५३-
९१६७००९६२९
Email :
metrodinank@gmail.com

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**
5 Year - 1000 Life time - 3000
Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव ( पूर्व ), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड ( पूर्व ), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक - दीनानाथ एम. तिवारी, कार्यकारी संपादक- कर्ण हिन्दुस्तानी, उपसंपादक- शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल संरक्षक- वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - चीफ एड डिपार्टमेन्ट- निलेश पांडे वितरक-सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ : बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
कानून सलाहकार- डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280,
मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

## संक्षिप्त न्युज

### पश्चिम रेलवे ने किया ७१८ बच्चों को रेस्क्यू

**मुंबई:** रेलवे स्टेशनों पर घर से भागकर आने वाले बच्चों या भटकते हुए बच्चों को बचाया जाता है। पश्चिम रेलवे पर वर्ष २०१८-१९ के दौरान कुल ७१८ बच्चों को रेस्क्यू किया है। चालू वित्तीय वर्ष २०१९-२० के दौरान १ अप्रैल से २० मई २०१९ तक ६६ बच्चों को रेस्क्यू किया जा चुका है।

### आरपीएफ ने लौटाया यात्री का खोया हुआ सामान

**मुंबई:** आरपीएफ तुर्भे ने एक यात्री का खोया हुआ बैग लौटाया है, जिसमें ५९ हजार रुपये का सामान था। महिला यात्री गौरी सावंत पनवेल-ठाणे ट्रेन में अपना सामान भूल गई थी। उसने आरपीएफ की हेल्पलाइन १८२ पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद रात २२:३६ बजे तुर्भे आरपीएफ ने बैग का पता लगा लिया। सामान्य कार्रवाई के बाद गौरी को उनका सामान लौटा दिया गया।

### भगत की कोठी तक ही जाएगी सूर्यनगरी

**मुंबई:** जोधपुर मुख्य स्टेशन पर काम जारी रहने के कारण अब २५ मई तक मुंबई से जाने वाली सूर्यनगरी एक्सप्रेस की आवाजाही भगत की कोठी स्टेशन से ही होगी। इससे पहले काम १९ मई को पूरा होना था।

### भाईंदर में रिक्शा चोरी

**भाईंदर:** पुलिस ने ४० हजार रुपये के ऑटो रिक्शा चोरी का मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता राजेश गुप्ता (४३) भाईंदर (पूर्व) का निवासी है। रोज की तरह राजेश ने को स्वामी नारायण मंदिर के पास रिक्शा पार्क किया था, लेकिन सुबह रिक्शा वहां नहीं था।

### भायखला में आग

**मुंबई:** बुधवार की शाम एक बार फिर मुंबई में आग लगने की घटना सामने आई। भायखला इलाके में लगी आग में ३० वर्षीय एक महिला २० प्रतिशत तक जल गई। उसे बीमएसी के कस्तूरबा अस्पताल में भर्ती किया गया है। बीएमसी आपदा प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, पतरा चॉल नंबर-५ में शाम के ४ बज कर १० मिनट के आस-पास आग लगी थी। खबर मिलते ही मौके पर फायरकर्मियों को रवाना कर दिया गया।

### मुंबई घूमने आया भांजा गायब

**भिवंडी:** बिहार से ट्रक चालक मामा के साथ मुंबई घूमने आया भांजा भिवंडी के ७२ गाला स्थित दया पार्क की इमारत के पास से अचानक ट्रक से गायब हो गया। पुलिस के अनुसार, बिहार के बनोली का रहने वाला अनुराग पथक (१४) अपने ट्रक चालक मामा ब्रिजेंदर राय (४०) के साथ मुंबई घूमने आया था। भिवंडी ट्रक पहुंचने के बाद माल खाली कर वह दया पार्क इमारत के सामने रास्ते के किनारे ट्रक खड़ी करके ट्रक में सो गया था। सुबह उठने के बाद देखा, तो अनुराग ट्रक में नहीं है।

### जोगेश्वरी में सिलिंडर फटा

**मुंबई :** जोगेश्वरी में एलपीजी सिलिंडर फटने से आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार, आग की चपेट में आकर तीन लोग झुलस गए, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में उपचार दिया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक प्रभावित लोगों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी।

### मनपा अस्पतालों में ४ नए डॉक्टरों की नियुक्ति

**नवी मुंबई:** मनपा अस्पतालों के लिए नियुक्त हुए चार नए डॉक्टरों से स्वास्थ्य सेवाएं पुनः बहाल हो गई हैं। नए नियुक्त डॉक्टरों में दो फिजिशन और दो प्रसव विशेषज्ञ डॉक्टर हैं। बीते शुक्रवार को मनपा आयुक्त ने डॉक्टरों से सीधी मुलाकात करते हुए नियुक्ति की। पिछले दिनों वाशी मनपा अस्पताल में एक मरीज की मौत से उपजे विवाद में मनपा प्रशासन ने सेवा में दोषी पाए गए दो डॉक्टरों को निलंबित कर दिया था। मनपा के इस कदम के विरोध में तीन अन्य डॉक्टरों ने अपना त्यागपत्र सौंप दिया था तथा कुछ और डॉक्टर छुट्टी पर चले गए थे। इसके चलते मनपा अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं अनियमित हो गई थीं। पर अब चार नए डॉक्टरों की नियुक्ति से बहुत हद स्वास्थ्य सेवाएं समय से मिलने लगी हैं। मनपा अस्पतालों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए आवश्यक अभी कई और डॉक्टरों व अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति होनी है।

### वसई के नए पुल में होल

**वसई:** वसई (पूर्व) से (पश्चिम) को जोड़ने वाले पुल पर मंगलवार दोपहर को एक होल हो गया। यह पुल नया है। इस तरह पुल पर होल होने से पुल की मजबूती पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। यहां से आने-जाने वालों का कहना है कि मुंबई में पुल हादसों से अधिकारियों ने सबक नहीं लिया है। इस होल की वजह से हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। होल की वजह से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस पुल के बगल में पुराना पुल है, जो जर्जर होने की वजह से बंद किया गया है।

### विकास कार्यों को आचार संहिता की समाप्ति का इंतजार

**नवी मुंबई :** करीब ढाई महीने तक चली लोकसभा चुनावी आचार संहिता २८ मई को समाप्त हो जाएगी। इसके तुरंत, बाद नवी मुंबई मनपा के रुके हुए करीब २०० विकास कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। इन सबके लिए पहले से ही आवश्यक मंजूरी दी जा चुकी है। आचार संहिता खत्म होते ही मनपा प्रशासन की तरफ से ठेकेदारों को कार्यादेश जारी कर दिया जाएगा। अनुमान के अनुसार, मनपा के सभी १११ प्रभागों में रुके पड़े लगभग २०० कार्यों पर ७०० से ८०० करोड़ रुपये खर्च होने हैं। ये काम शामिल: शहर में जो काम होने हैं, उनमें सड़कों का डांबरीकरण, शहर की स्ट्रीट लाइट को दुरुस्तीकरण, फुटपाथों की मरम्मत, नए (छोटे) पुलों का निर्माण, नए मार्केट का निर्माण, बस अड्डों की मरम्मत, मनपा अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के लिए दवाओं व उपकरणों की खरीदारी, जल-मल निकासी से संबंधित मरम्मत कार्य आदि शामिल हैं। मॉनसून की चुनौती: मॉनसून आने में मात्र दो सप्ताह ही रह गए हैं। उम्मीद है कि आचार संहिता खत्म होने के एक-दो दिन बाद ही काम शुरू हो जाए। ऐसे में विभिन्न विकास कार्यों के लिए सिर्फ १०-१२ दिन बचेंगे। इतने कम समय में काम पूरा होना असंभव लग रहा है। बता दें कि नाला, नाली और गटर सफाई का काम अब लगभग समाप्त होने को है।

### भाजपा की चुनावी समीक्षा में छाया रहा सूखा

**मुंबई :** लोकसभा चुनाव की समीक्षा करने के लिए भाजपा ने मंगलवार को दादर स्थित पार्टी कार्यालय में बैठक बुलाई थी, लेकिन बैठक में राज्य का सूखा भारी पड़ा। जनप्रतिनिधियों से लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस तक की जुबान पर सूखे की समस्या छाई रही। बैठक में इस पर भी चर्चा हुई कि लोकसभा चुनाव की जीत का जश्न मनाते वक्त कार्यकर्ता इस बात का ध्यान रखें कि सूखा पीड़ितों में कोई ईर्ष्याभाव पैदा न हो। पार्टी को उम्मीद है कि राज्य की ३८ से ४० लोकसभा सीटें जीत सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी के नेता, कार्यकर्ता सूखा पीड़ितों की मदद करें। यदि कहीं अधिकारी किसानों की मदद नहीं कर रहे, तो संबंधित मंत्री से इसकी शिकायत करें। राज्य के वित्तमंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने बताया कि बैठक में विधायकों ने सूखा राहत के लिए विधायक निधि खर्च करने की मांग की।

# राहुल और प्रियंका गांधी की तारीफ–उद्धव ठाकरे





**मुंबई :** एग्जिट पोल के नतीजों से शिवसेना ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार दोबारा सत्ता में आएगी। इसके साथ ही शिवसेना ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने चुनाव में कड़ी मेहनत की। शिवसेना ने यह भी कहा कि नई लोकसभा में उनकी पार्टी को विपक्ष के नेता पद के लिए पर्याप्त सीटें मिल जाएंगी।

बता दें कि लोकसभा चुनाव के बाद अधिकतर एक्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के एक और कार्यकाल का पूर्वानुमान जताया गया है। पार्टी ने अपने मुखपत्र 'सामना' के संपादकीय में लिखा है, 'मोदी सरकार दोबारा चुनकर आएगी, ऐसा कहने के लिए अब राजनीतिक पंडितों की कोई आवश्यकता नहीं है। जमीनी हालत ऐसी थी कि लोग मोदी को सत्ता में लाने के लिए अपना मन बना चुके थे।'

**'महाराष्ट्र में शिवसेना-बीजेपी गठबंधन ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा'**

मराठी दैनिक ने दावा किया, 'महाराष्ट्र में शिवसेना-बीजेपी गठबंधन ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगा।' इससे पहले एग्जिट पोल के नतीजों को देखते हुए शिवसेना ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए कहा था कि कई छोटे दलों के समर्थन से रेंगने वाली गठबंधन सरकार देश हित में नहीं है। शिवसेना ने विपक्षी दलों का गठबंधन तैयार करने की टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू की कोशिश को लेकर उन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह इधर से उधर भाग कर स्वयं को व्यर्थ ही थका रहे हैं, क्योंकि इस संभावित गठबंधन के २३ मई को चुनाव परिणाम आने के बाद टिके रहने की कोई गारंटी नहीं है।

'सामना' में छपे संपादकीय के मुताबिक, 'इस महागठबंधन में प्रधानमंत्री पद के कम से कम पांच उम्मीदवार हैं। मौजूदा सिग्नल के बाद उनका मोहभंग होने की आशंका दिखाई दे रही है। कई छोटे दलों की मदद से रेंगने वाली गठबंधन सरकार देशहित में नहीं है।' लोकसभा चुनाव के लिए मतदान रविवार को समाप्त हुआ था और अब २३ मई को काउंटिंग होगी।

# बैरिकेड मुक्त हुई २६ किमी की सड़कें



**मुंबई :** शहर में सभी जगह मेट्रो के काम चल रहे हैं। ऐसे में मेट्रो निर्माण की साइट पर सुरक्षा के लिहाज से बैरिकेड लगाए गए हैं। मॉनसून के दौरान शहर में वाहनचालकों को ट्रैफिक जाम की परेशानी से न जूझना पड़े इसलिए एमएमआरडीए ने मेट्रो साइट से अब तक २६ किमी की सड़कों को बैरिकेड्स मुक्त किया है।

बता दें कि मॉनसून के दौरान सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ जाती है। एमएमआरडीए के अनुसार मेट्रो साइट पर जहां-जहां की नींव रखने का काम पूरा हो गया है वहां की सड़कों के बैरिकेड्स हटाए जा रहे हैं। ३५ किमी सड़कों पर लगे बैरिकेड्स में से २६ किमी की सड़कों से बैरिकेड्स हटा लिए गए हैं। जानकारी के मुताबिक दहिसर (ईस्ट) और अंधेरी (ईस्ट) में मेट्रो का काम काफी तेजी से चल रहा है। एमएमआरडीए ने मेट्रो-७ के लिए ३५ किमी के इलाके को बैरिकेड्स किया है, जो कि अंधेरी ईस्ट से दहिसर ईस्ट और मेट्रो २ ए दहिसर से डीएन नगर के हिस्से में मेट्रो का काम चल रहा है। फिलहाल मॉनसून को देखते हुए ७५ प्रतिशत बैरिकेड्स को हटाने का काम पूरा हो गया है। अधिकारी ने बताया कि कुछ जगह ऐसी हैं, जहां पर लगे बैरिकेड्स हटाने से काम में परेशानी होगी। ये जगह वेस्टर्न एक्सप्रेस हाई-वे, मालाड का पुष्पा पार्क इलाका, कांदिवली-ईस्ट का अकुर्ली रोड, लिंक रोड लोखंडवाला और डीएन नगर के बैरिकेड्स नहीं हटाए जाएंगे। गौरतलब है कि एमएमआरडीए ने पहले ही बता दिया है कि वेस्टर्न एक्सप्रेस हाई-वे और लिंक रोड के बैरिकेड्स इस साल के अंत तक या फिर अप्रैल २०२० तक हटा दिए जाएंगे।

## तबादले के नाम पर ठगे १८ लाख, केस दर्ज

**ठाणे :** महाराष्ट्र सरकार के एक अधिकारी को तबादला कराने और भूमि का एनओसी दिलाने का प्रलोभन देकर उनके साथ कथित तौर पर धोखाधड़ी करने के मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने शिकायत के आधार पर बताया कि राज्य शहर योजना विभाग में काम करने वाले विद्यासागर चव्हाण के मुताबिक जब वह नवंबर २०१७ में मुख्य आरोपी से मिले थे, तो आरोपी ने उनसे प्रधानमंत्री कार्यालय और दिल्ली में नौकरशाहों से अच्छा संपर्क होने का दावा किया था। पुलिस के मुताबिक इसके बाद चव्हाण ने आरोपी से अपना तबादला मुंबई में राज्य सचिवालय से ठाणे के अंबरनाथ कराने को कहा था। आरोपी ने इसके लिए कथित तौर पर २८ लाख रुपये मांगे, लेकिन बाद में १८ लाख रुपये पर बात बनी।

चव्हाण ने दावा किया कि रुपये का भुगतान करने के बावजूद उनका तबादला नहीं किया गया। पिछले साल चव्हाण ने मुंबई के नजदीक हवाई अड्डे के निकट भूमि के एक टुकड़े के लिए एनओसी के लिए आरोपी से संपर्क किया था, जिसके लिए उसने कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की मांग की थी।

प्रवक्ता ने बताया कि उसने दावा किया है आरोपी और उसके सहयोगी उसका काम हो जाने का भरोसा दिलाने के लिए उसे मार्च २०१८ में दिल्ली में एक मंत्री के कार्यालय ले गए। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसने अपनी पत्नी के गहने बेचकर कुछ रुपये का भुगतान किया। पर, आरोपी और उसके सहयोगियों ने उसे जाली एनओसी दस्तावेज दिए। चव्हाण ने मंगलवार को यहां पुलिस से शिकायत की। इसके बाद मुख्य आरोपी धर्मेंद्र सिंह और उसके सहयोगियों रामचरण गौहर, महबूब शेख और मोहन झा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। मामले की जांच की जा रही है।

## पूर्व राकांपा मंत्री जयदत्त क्षीरसागर ने पार्टी छोड़ी, शिवसेना में होंगे शामिल

**मुंबई :** हाराष्ट्र के पूर्व मंत्री जयदत्त क्षीरसागर ने बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से इस्तीफा दे दिया और आज शाम को वह शिवसेना में शामिल हो जाएंगे। मराठवाड़ा



क्षेत्र के बीड जिले के रहने वाले क्षीरसागर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राकांपा नेतृत्व पर उन्हें नजरअंदाज करने और विधान परिषद में विपक्ष के नेता धनंजय मुंडे को अधिक महत्व देने का आरोप लगाते हुए असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, '' पार्टी में मुझे घुटन महसूस हो रही थी।'' क्षीरसागर ने कहा कि वह आज उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी में शामिल हो जाएंगे।

## मत्स्य व्यवसाय पर अध्ययन करेगी मनपा

**मुंबई :** कोस्टल रोड से मत्स्य व्यवसाय और मछुआरों के उदर-निर्वाह के साधनों पर क्या परिणाम होगा? इसका अध्ययन अब मनपा करेगी। इस अध्ययन पर करीब ४१ लाख रुपए खर्च किए जाएंगे।

बता दें कि मुंबई की यातायात समस्या को सुलझाने के लिए शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे ने कोस्टल रोड की संकल्पना की थी। इस संकल्पना को मनपा साकार करने जा रही है। २९ किमी कोस्टल रोड परियोजना के पहले चरण में मनपा ९.९८ किमी कोस्टल रोड बनानेवाली है। इस कार्य का शुभारंभ भी हो चुका है। इस परियोजना को एनओसी देते समय राज्य सरकार ने शर्त रखी थी, जिसके तहत यदि कोस्टल रोड के कारण मछुआरों के मत्स्य व्यवसाय पर कोई दुष्परिणाम होता है तो उनकी नुकसान भरपाई करना अनिवार्य किया गया था इसी को मुद्दा बनाकर कुछ मछुआरे उच्च न्यायालय पहुंचे थे। इसको देखते हुए अब मनपा इसके अध्ययन में जुट गई है। भारतीय कृषि संशोधन परिषद, केंद्रीय सागरी मत्स्य संशोधन संस्था की मदद से मनपा उक्त अध्ययन करेगी। इस आशय का प्रस्ताव आगामी स्थायी समिति की बैठक में मंजूरी के लिए लाया जाएगा।

# गधे बुझा रहे दूरदराज इलाके में बसे आदिवासियों की प्यास

**नासिक :** महाराष्ट्र के कई इलाके भयानक सूखे के दौर से गुजर रहे हैं। नानदरबार जिले के दूरदराज की एक बस्ती तक पानी पहुंचाने का कोई तरीका नहीं सूझ रहा था। फिर प्रशासन ने अनोखी पहल के तहत १७ गधों की मदद से यहां पानी पहुंचाना शुरू कर दिया। कोइलीदाबार नाम की यह बस्ती सतपुड़ा पहाड़ के घने जंगली इलाके में स्थित है। यहां तक कोई सड़क नहीं जाती इसलिए यहां टैंकर के जरिए पानी पहुंचाना नामुमकिन था। दूसरी ओर इस कस्बे में रह रहे २५० आदिवासियों की बिना पानी के हालत खराब हो रही थी। पानी के स्थानीय स्रोत सूखने के बाद गर्भवती महिलाओं तक को पीने का पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। जिला अधिकारी बालाजी मंजुले ने हमारे बताया कि इसके बाद गधों की मदद लेने का अनोखा विचार सामने आया। इस पर अमल किया गया और १९ मई से ये गधे ही २५० आदिवासियों की प्यास बुझा रहे हैं।

मंजुले का कहना था, 'ये आदिवासी जिन मुसीबतों का सामना कर रहे थे जिला प्रशासन उनसे आंख नहीं मूंद सकता था। इसलिए इन गधों की मदद से हर रोज एक हजार लीटर पानी दो फेरों में इस बस्ती में पहुंचाया जा रहा है। मॉनसून आने तक यह कोशिश जारी रहेगी।'

यह पहली बार है जब इस क्षेत्र में गधों का इस्तेमाल आदिवासियों की प्यास बुझाने में किया जा रहा है। आदिवासियों की समस्या की जानकारी होने पर पहले तो जिलाधिकारी ने हालात का जायजा लेने के लिए स्थानीय तहसीलदार पंकज लोखंडे को इस बस्ती में भेजा था। वहां से



लौटकर लोखंडे ने बताया, 'यहां के चार में से तीन कुएं पूरी तरह सूख गए थे और चौथे में भी बहुत कम पानी रह गया था। इसलिए महिलाओं को पानी लाने के लिए बहुत दूरी तय करनी पड़ रही थी। हम कुओं की गहराई और बढ़ा रहे हैं लेकिन पथरीली जमीन होने की वजह से इसमें काफी समय लगेगा।' इसके बाद प्रशासन ने आदिवासियों की इसी बस्ती में रहने वाले दो भाइयों के गधों का इस्तेमाल करने का इरादा किया। जिला प्रशासन के सूत्रों का कहना है, 'ये दोनों भाई इन गधों पर अपना सामान लादते थे। लेकिन अब पानी लाने के लिए इन्हें हम स्थानीय ग्राम पंचायत के फंड से करीब २ लाख रुपये देंगे।' इस तरह अब ये १७ गधे पानी के स्रोत से बस्ती तक तीन किलोमीटर की दुर्गम यात्रा दिन में दो बार करते हैं। हर जानवर के ऊपर पानी के दो बर्तन लदे होते हैं। वहीं नानदरबार जिले में पीने के पानी की सप्लाई करने वाला केवल एक टैंकर है। पानी की समस्या से जूझ रहे दूसरे इलाकों में जिला प्रशासन ने निजी कुओं और पानी के दूसरे स्रोतों को अधिग्रहित कर लिया है।

## डोंबिवली पर बढ़ रहा है बोझ

**मुंबई :** ठाणे से कल्याण के बीच में एक स्टेशन ऐसा है, जिसका किरदार उपनगरीय सेवाओं के लिए हर लिहाज से महत्वपूर्ण है। शांत, सभ्य और सौम्य स्टेशन के रूप में पहचाने जाने वाले मध्य रेलवे के इस स्टेशन ने कभी अपनी मांगों को मंगवाने के लिए उग्र विरोध नहीं किया। लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। आइए जानते हैं कितना तैयार है डोंबिवली स्टेशन। मुंबई से शिफ्ट करने वाले लोगों के लिए डोंबिवली चहेता बनता जा रहा है। खासतौर पर न्यू डोंबिवली बनने के बाद, इसका असर भी अब दिखने लगा है। २००७-०८ में इस स्टेशन पर प्रतिवर्ष ७.४ करोड़ यात्री थे, तो दस साल बाद २०१८-१९ में यह आंकड़ा ९.९ करोड़ का हो गया। मतलब दस सालों में यहां ३३ प्रतिशत वृद्धि हुई है। इसका दबाव रेलवे पर भी पड़ रहा है। पीक आवर्स में डोंबिवली स्टेशन से ट्रेन में चढ़ना-उतरना किसी जंग से कम नहीं है।

डोंबिवली स्टेशन पर तीन फुटओवर ब्रिज हुआ करते थे। इसमें से अब कल्याण छोर वाले एफओबी को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। सीएसएमटी छोर वाला ब्रिज तुलनात्मक रूप से कम इस्तेमाल होता है। ऐसे में बीच वाले एफओबी पर भीड़ बढ़ रही है। यात्रियों को नियंत्रित करने के लिए यहां आरपीएफ के जवानों को तैनात करना पड़ रहा है। मॉनसून से पहले एक एफओबी बंद करने का बोझ डोंबिवली स्टेशन पर पड़ रहा है।

# लोकसभा चुनाव में करारी हार मिलती देख उर्मिला मातोंडकर का चढ़ा पारा, ट्वीट कर उतार दिया गुस्सा सारा

**राजकुमार सोनी**



**मुंबई :** लोकसभा चुनाव २०१९ के रुझान को देखते हुए उर्मिला मातोंडकर की हार तय मानी जा रही है ।

उर्मिला भाजपा प्रत्याशी गोपाल शेट्टी से २.५० लाख से ज्यादा वोटों से पीछे चल रही हैं । अपनी हार को देखते हुए उर्मिला मातोंडकर ने ईवीएम मशीन में गड़बड़ी का आरोप लगाया है । इतना ही नहीं उर्मिला ने इस बारे में चुनाव आयोग के सामने शिकायत दर्ज कराई है । इस बात की जानकारी उन्होंने ट्वीट कर दी है । उन्होंने लिखा, 'मगाथाणे के ईवीएम १७सी के फॉर्म के सिग्नेचर और मशीन के नंबरों में फर्क है। चुनाव आयोग से इस संबंध में शिकायत की गई है।'

उर्मिला चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हुईं । उन्हें कांग्रेस ने नॉर्थ मुंबई की सीट से चुनाव लड़ने के लिए टिकट दी । वहीं बीजेपी ने गोपाल शेट्टी को इस सीट से उतारा था। उर्मिला ने जोर-शोर से चुनाव प्रचार किया । घर-घर जाकर लोगों से मिलीं।

६ अप्रैल को उर्मिला मातोंडकर ने गुड़ी पड़वा पर्व भी मनाया था । इस दौरान वो लोगों से वोट मांगती भी दिखी थीं। उन्होंने मुंबई की सड़कों पर लावणी डांस किया था।

बता दें कि २००४ में एक्टर गोविंदा ने कांग्रेस के टिकट पर इस सीट पर अपना कब्जा जमाया था। २००९ में इस सीट से संजय निरूपम सांसद बने । साल २०१४ में ये सीट कांग्रेस के हाथ से निकल गई । अब इस सीट को बीजेपी का गढ़ माना जाता है।

## हार के डर से विपक्ष EVM और EC पर लगा रहा आरोप - चिराग पासवान

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले EVM एवं VVPAT के मुद्दे पर विपक्षी दलों के नेताओं के चुनाव आयोग से मुलाकात को लेकर लोजपा नेता चिराग पासवान ने कहा..अब विपक्ष हार रहा है इसलिए EVM और EC पर आरोप लगा रहा। लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ईवीएम एवं वीवीपैट के मुद्दे पर कांग्रेस, एसपी, बीएसपी, तृणमूल कांग्रेस सहित २२ विपक्षी दलों के नेताओं ने मंगलवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की। विपक्ष ने EC से मांग की कि २३ मई को मतगणना शुरू होने से पहले बिना किसी क्रम के चुने गए पोलिंग स्टेशनों की वीवीपैट पर्चियों की जांच की मांग की। विपक्षी दलों ने कहा है कि अगर किसी एक बूथ पर भी वीवीपैट पर्चियों का मिलान सही नहीं पाया जाता तो संबंधित विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान केंद्रों की वीवीपीएटी पर्चियों की गिनती की जाए और इसकी EVM रिजल्ट्स से तुलना की जाए। वहीं इस मामले पर लोजपा नेता चिराग पासवान ने कहा कि अब विपक्ष हार रहा है इसलिए EVM को दोष देंगे और EC के भी चक्कर काटेंगे।

# २०१९ का चुनाव सुनामी जैसा था: राम विलास पासवान



**सुरेश वाकडे**

**लोकसभा** चुनाव के नतीजों के एलान के पहले मंगलवार को सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने एकजुटता दिखाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भरोसा जाहिर किया है. एनडीए नेताओं ने दावा किया कि २०१९ का चुनाव 'सुनामी जैसा था और एनडीए को एक्ज़िट पोल के अनुमान से भी ज़्यादा सीटें मिलेंगीं.'एनडीए में शामिल दलों ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और चुनाव आयोग पर सवाल उठाने के लिए विपक्ष को आड़े हाथों लिया. आम चुनाव के दौरान कांग्रेस और दूसरे विपक्ष दल लगातार चुनाव आयोग पर सवाल उठाते रहे थे. देश के २१ विपक्षी दलों के नेताओं ने ईवीएम के मुद्दे पर मंगलवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की थी. एनडीए नेताओं की मंगलवार को दिल्ली में हुई बैठक के बाद केंद्रीय गृहमंत्री राजनाथ सिंह ने बताया कि एनडीए ने संकल्प लिया है कि वो 'देश की प्रगति को और बढ़ाएगा'.बैठक के बाद राजनाथ सिंह ने कहा, '२०१९ का लोकसभा चुनाव इतिहास में एक निर्णायक क्षण है. देश की जनता को ये भी विश्वास है कि अब नामुमकिन भी मुमकिन है. पिछले पांच साल लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने वाले थे. अब एनडीए ने ये संकल्प लिया कि प्रगति की गति को और बढ़ाएंगे और आगामी पांच वर्ष की जो हमारी सरकार होगी, उसमें लोगों की आवश्यकता को पूरा करेंगे.' राजनाथ सिंह के मुताबिक बैठक में ३६ दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे. तीन दलों ने लिखित में अपना समर्थन दिया. बैठक में हिस्सा लेने के लिए शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे और बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड नेता नीतीश कुमार दिल्ली आए थे.

## संक्षिप्त समाचार

### तीन साल में ही फ्लाईओवर हुआ जर्जर, घटिया सामग्री का इस्तेमाल

**वसई-विरार :** वसई इलाके में सड़क और पुल निर्माण में मिलावट और घटिया सामान इस्तेमाल किए जाने का एक ताजा मामला सामने आया है। वसई-पश्चिम से पूर्व को जोड़नेवाली मुख्य सड़क के पुल में बड़ा-सा होल हो गया है। इस होल ने प्रशासन की निर्माण सामग्री और लोगों की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल यातायात पुलिस ने वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए होलवाले स्थान पर बैरिकेट्स लगा दिए हैं। यह पुल पूर्व से पश्चिम को जोड़ता ही है साथ ही मुंबई तथा गुजरात की तरफ जानेवाले लोग भी इसका इस्तेमाल करते हैं। ज्ञात हो कि वसई में पूर्व से पश्चिम को जोड़ने के लिए दो पुल हैं, जिसमें से एक पुल ३८ साल पुराना होने के कारण पुनर्निर्माण के लिए बंद किया गया है। इसके विकल्प के रूप में वर्ष २०१६ में एक और पुल का निर्माण कराया गया, जो रेलवे लाइन को पार करते हुए वसई शहर को पूर्व से पश्चिम की ओर जोड़ता है। इस घटना के बाद से पुल के कमजोर होने और घातक होने का सबूत सामने आया। वाहनों के लगातार आवाजाही और भारी-भरकम वाहनों के दबाव से पुल पर सड़क के बीच बड़ा होल और दर्रे पड़ गए, जो बड़ी दुर्घटना के लिए काफी हैं।

**प्रशासन के खिलाफ लोगों में आक्रोश**

कुछ वर्ष पहले ही अंधेरी में हुए पुल दुर्घटना में कई लोगों की जानें गई थीं। जिसके बाद प्रशासन ने सभी पुलों के निरीक्षण और संरक्षण पर गंभीरता दिखाया, मगर यह गंभीरता ज्यादा दिनों तक नहीं रही। ३ साल पुराने पुल के इस तरीके से क्षतिग्रस्त होना और कमजोर होना लोगों के बीच एक आक्रोश का विषय बना हुआ है। फिलहाल यातायात पुलिस ने लोगों की सुरक्षा के लिए एक सुरक्षाकर्मी यहां तैनात कर दिया है और बैरिकेटिंग कर दिया है।

### कार्बन को कम करते हापुस के पेड़

**मुंबई :** आमों का राजा कहे जानेवाले हापुस आम केवल हिंदुस्थान ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में मशहूर हैं। अच्छी बात यह है कि हापुस आम के साथ-साथ उसके पेड़ भी पर्यावरण के लिए किसी वरदान से कम नहीं। एक अध्ययन में यह पाया गया है कि हर वर्ष कोकण में लगे हापुस आम लगभग २१ लाख वाहनों से निकलनेवाले कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से कम करता है। यानी पेड़ आम के आम भी देता है और शुद्धिकरण का काम भी करता है। बता दें कि 'इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च' (आईसीएआर) 'इंडियन इंस्टीट्यूट हॉर्टिकल्चर रिसर्च' बंगलुरु द्वारा हाल ही में एक अध्ययन किया गया था। इस अध्ययन के मुताबिक महाराष्ट्र, गोवा और कर्नाटक में १,०६,२१० हेक्टेयर जमीन में लगे हापुस आम के पेड़ हर वर्ष ९.९१३ मिलियन टन कार्बन पर्यावरण से कम करने का कार्य करते हैं। विशेषज्ञों की मानें तो पर्यावरण को क्षति पहुंचाने और ग्लोबल वार्मिंग के लिए कार्बन डाईऑक्साइड भी जिम्मेदार है। कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण से हीट को निकलने नहीं देता है, जिसके चलते तापमान भी बढ़ता है। अध्ययन के प्रमुख डॉ. गणेशामूर्ति ने यह भी कहा है कि महाराष्ट्र के ४७ प्रतिशत आम के पेड़ ऐसी जगहों पर हैं, जिसे बंजर माना जाता है। बंजर पड़ी जमीनों में आम के पेड़ों का होना यह बताता है कि उक्त जमीन अब बंजर नहीं है। आम के पेड़ भू-क्षरण होने से बचा रहे हैं। एक ओर जहां हम जंगलों को खो रहे हैं, वहीं आम के बगीचे लग रहे हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में सबसे अधिक १ लाख हेक्टेयर पर आम की पैदावार होती है और सबसे अधिक कार्बन डाईऑक्साइड ९.७४३ मिलियन टन भी यही से वातावरण में घुलता है। अध्ययनकर्ताओं की मानें तो बंजर जमीनों पर ज्यादा से ज्यादा आम के पेड़ लगाने चाहिए, इससे एक प्रकार से कृत्रिम वन भी तैयार हो रहा, जो पर्यावरण के लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

### राजभर को एक और झटका, छीना मंत्री आवास

**लखनऊ :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने के बाद यूपी सरकार की ओर से एक और झटका लगा है। राज्य सरकार के संपत्ति विभाग ने नोटिस जारी करते हुए राजभर के मंत्री के रूप में आवंटित आवास को निरस्त कर दिया है। राजभर अब विधायक निवास-२ में रहेंगे। नोटिस में जहूराबाद से विधायक राजभर के लिए दारूलशफा स्थित आवास सं. १२८, श्रेणी ४ आवंटित किया गया है।

# मनपा के बजरंगी भाईजान बनेंगे सलमान खान

## ह्युमन बीइंग के जरिए मनपा अस्पताल चलाने और स्कूली बच्चों के फिटनेस के लिए ई-साइकिल उपलब्ध कराने की इच्छा जाहिर की



**मुंबई :** फिल्म अभिनेता सलमान खान अब मनपा के बजरंगी भाईजान बनेंगे। आरे मिल्क कॉलोनी में शौचालय मुहैया कराने के बाद भाईजान ने अब अपनी संस्था ह्युमन बीइंग के जरिए मनपा अस्पताल चलाने और स्कूली बच्चों के फिटनेस के लिए उन्हें ई-साइकिल उपलब्ध कराने की इच्छा जाहिर की है। यह इच्छा उन्होंने मनपा स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव के साथ मुलाकात के दौरान जताई।

बता दें कि मनपा स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने कल फिल्म अभिनेता सलमान खान से मुलाकात के दौरान दोनों के बीच मनपा द्वारा मुहैया कराए जा रहे स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधा पर चर्चा हुई। इस दौरान कॉरपोरेट दायित्व (सीएसआर) के तहत सलमान खान अपनी संस्था के जरिए किस तरह अपना योगदान मुंबईकरों की मदद के लिए कर सकते हैं, इस पर भी विस्तृत चर्चा हुई। सलमान खान ने उपनगरीय अस्पतालों में से एक अस्पताल के प्रमुख विभागों को उनकी संस्था के मार्फत चलाने के अलावा मनपा विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इलेक्ट्रॉनिक साइकिल देने की भी इच्छा जाहिर की। स्थायी समिति अध्यक्ष यशवंत जाधव ने इस मुलाकात की पुष्टि करते हुए कहा कि सलमान की इस इच्छा से मनपा अस्पतालों में इलाज के लिए आनेवाले मरीजों और मनपा विद्यार्थियों का लाभ होगा। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय आगामी सप्ताह होगा।

# मुंबई का 'क्यूट ऑटो'!, ऑटो रिक्शा को रिप्लेस कर सकता है बजाज

**पूजा पाण्डेय**

**मुंबई :** मुंबई की सड़कों पर दौड़नेवाले ऑटो रिक्शा जल्दी ही इतिहास बन सकते हैं। कुछ दिनों बाद टाटा नैनो से भी छोटी कार सड़कों पर नजर आ सकती है। यह कार टाटा नैनों से भी छोटी है। अगर सब कुछ ठीक रहा तो निकट भविष्य में मुंबई की सड़कों पर यह ऑटो को रिप्लेस करेगी। नैनो से भी छोटी 'क्यूट' नामवाली इस क्यूट कार को बजाज ने बनाया है। यह छोटी कार सीएनजी और पेट्रोल दोनों से चलेगी। देश में इसे यात्री कार व निजी कार दोनों श्रेणी में इस्तेमाल किया जा सकती है। ऑटोमोबाइल बाजार के अनुसार यह वाहन ऑटो और कार के बीच की श्रेणी का है और इसे 'क्वाड्रीसाइकल' कहा जाता है। पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सरकार तरह-तरह के प्रयोग अमल में ला रही है। इसी के तहत अब क्वाड्रीसाइकल श्रेणी की एक कार लॉन्च की जा रही है जिसका नाम है 'क्यूट।' नैनो से भी छोटी यह कार सड़क पर आने के बाद सीन बदल देगी क्योंकि इसमें ४ आदमी आराम से बैठ सकते हैं और यह काफी कम जगह में घूम सकती है। पहले गांव-शहरों में डीजल पर गाड़ियां चलती थीं जिससे पर्यावरण में प्रदूषण का स्तर अधिक बढ़ता था लेकिन पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त करने की इस पहल के बाद सरकार साइकिल-रिक्शा व इलेक्ट्रिक रिक्शा को बाजार में ले आई।



इससे पहले के मुकाबले प्रदूषण के स्तर में कुछ कमी जरूर आई लेकिन सरकार का मिशन पर्यावरण को पूरी तरह से प्रदूषण मुक्त करने के लिए हरसंभव नए-नए विकल्प खोजना है। मुंबई-ठाणे शहर में ऑटोरिक्शा की संख्या १.९५ लाख है। तिपहिया ऑटोरिक्शा को सुरक्षा के लिहाज से खतरनाक भी माना जाता है क्योंकि ऑटोरिक्शा के पीछे का हिस्सा पूरा बंद रहने से पीछे से आनेवाले वाहन ठीक से नहीं दिखते। ऐसे में माना जा रहा है कि ऑटो निर्माता कंपनी बजाज अपनी 'क्यूट' को व्यावसायिक नजरिए से बनाकर बाजार में उतरने की तैयारी में है। ट्रांसपोर्ट विशेषज्ञ जितेंद्र गुप्ता का कहना है कि बजाज यदि कमर्शल और पर्सनल उपयोग के लिए 'क्यूट' को मार्केट में उतार रही है तो इसका स्वागत है। यदि सरकार इसे ऑटोरिक्शा की जगह पर रिप्लेस करती है तो मुंबई की तस्वीर ही बदल जाएगी। गुप्ता का कहना है कि तिपहिया ऑटो में कई खामियां हैं। ऑटो ड्राइवर कई बार कम जगहों में कट मारकर अपना रिक्शा निकालते हैं, अब वे ऐसा नहीं कर पाएंगे। इसके अलावा बारिश के दिनों में ऑटो में पानी आने की जो परेशानी रहती है वह 'क्यूट' कार से दूर हो जाएगी क्योंकि इसके दरवाजे बंद रहेंगे। इसके अलावा यदि सरकार इसमें एसी लगाने को मान्यता दे देती है तो इस कार का बाजार में सफल होना मुमकिन है।

# परिवार से अलग रहने की जिद, बेटी के साथ लोकल के आगे कूदी महिला

**मुंबई :** आज की युवा पीढ़ी में शादी के बाद संयुक्त परिवार में रहने की परंपरा खत्म होती जा रही है। बड़ों के दबाव से मुक्त रहने का ख्याल नवदंपतियों में कलह की वजह बन रही है। ऐसी कलह से कई बार गंभीर परिणाम भी सामने आते हैं। ऐसा ही एक सनसनीखेज घटना जोगेश्वरी और राम मंदिर रेलवे स्टेशन के बीच घटी है, जिसमें संयुक्त परिवार से अलग रहने की जिद में एक नव विवाहिता अपनी ८ माह की मासूम बेटी के साथ तेज रफ्तार लोकल ट्रेन के आगे कूद गई। इस घटना में २४ वर्षीय नव विवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई लेकिन नौनिहाल बच्ची आश्चर्यजनक रूप से मौत को चकमा देने में सफल हुई। बता दें कि २४ वर्षीय गायत्री जैसवाल की कुछ ही महीने पहले सुशील जैसवाल से शादी हुई थी। ८ महीने पहले गायत्री ने बेटी नियती को जन्म दिया था और महीने भर पहले वह सुशील और नियती के साथ मुंबई आई थी। यहां सुशील, गायत्री और नियती के साथ अपने भाई के घर में रह रहा था, जो कि गायत्री को रास नहीं आ रहा था। बताया जा रहा था कि गायत्री संयुक्त परिवार में रहने को तैयार नहीं थी। वह सुशील से अलग घर लेकर रहने की जिद कर रही थी, जबकि सुशील इतनी जल्दी अलग नहीं होना चाहता था। लिहाजा वह कमाई का बहाना बना कर गायत्री को टाल रहा था। अपनी मांग न मानने से नाराज गायत्री कल नियती के साथ विरार जानेवाली तेज लोकल के आगे कूद गई। 'जाको राखे साइयां, मार सके न कोई' इस कहावत की तर्ज पर नियती तो इस हादसे में बच गई लेकिन बुरी तरह घायल गायत्री की मौके पर ही मौत हो गई। बोरिवली रेलवे पुलिस ने एडीआर दर्ज करके पोस्टमार्टम के बाद गायत्री की लाश सुशील को सौंप दी। पुलिस खुदकशी के अन्य संभावित कारणों की भी जांच कर रही है।

## लूट के पैसे से कर रहे थे ऐश, व्रजेश्वरी मंदिर लूटकांड

**वी. बी. मानिक**

**भिवंडी :** भिवंडी तालुका के पुरातन व्रजेश्वरी मंदिर में डकैती करनेवाले पांचों डकैतों को आखिरकार पुलिस ने दस दिन बाद दादरा नगर हवेली व जव्वार से धर-दबोचा है।

पकड़े गए डकैतों में दो सगे भाइयों का समावेश है, जिनके पास से पुलिस ने दो लाख ८४ हजार रुपए बरामद किया है। जबकि तीन लोगों की अभी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं। लूट के पैसे से ये लूटेरे ऐश कर रहे थे। डकैतों की गिरफ्तारी के बाद हिंदुओं ने राहत की सांस ली है। मालूम हो कि व्रजेश्वरी मंदिर में १० मई को सुबह तीन बजे पांच सशस्त्र लुटेरे घुसकर हथियार की नोंक पर वॉचमैन की पिटाई कर उसे बांध दानपेटी से सात लाख १० हजार रुपए की डकैती कर फरार हो गए थे। लूटपाट की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

पुलिस ने डकैती के बाद उन्हें पकड़ने के लिए पांच-पांच लोगों की तीन टीमों का गठन किया था। ५ डकैतों को जव्वार व दादरा नगर हवेली से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार डकैतों में गोविंद सोमा गिंभल (३५), विनीतसरजी चिमड़ा (१९), भरत लक्ष्मण वाघ (२२), जगदीश काशीनाथ नावतरे (२६) व प्रवीण काशीनाथ तरे (२२) है। गोविंद जव्वार का है जबकि अन्य शाहपुर निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के साथ अन्य तीन लोग इस डकैती में शामिल थे। जो पहले दस दिनों तक मंदिर का रेकी किए थे।




*मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी* Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com